# अभ्यास प्रश्न पत्र-3

# समाजशास्त्र ( 039 )

## 2020 - 21

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

1. प्रश्न पत्र चार खंडो में विभक्त है ।
2. कुल 35 प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
3. खंड क में प्रश्न संख्या 1-16 सम्मिलित हैं । ये वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं।
4. खंड ख में प्रश्न संख्या 17-25 सम्मिलित हैं ।ये 2 अंक प्रत्येक के अति लघु उत्तर वाले प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
5. खंड ग में प्रश्न संख्या 26 - 32 सम्मिलित हैं । ये 4 अंक प्रत्येक के लघु उत्तर वाले प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।
6. खंड घ में प्रश्न संख्या 33 - 35 सम्मिलित हैं । ये 6 अंक प्रत्येक के दीर्घ उत्तर वाले प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 200 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए । प्रश्न संख्या 35 का उत्तर दिये गए अनुच्छेद की सहायता से देना है ।

# खंड क

रिक्त स्थान भरो

1(I) जनसांख्यिकीय आँकड़े , राज्य की नीतियाँ , विशेष रूप से आर्थिक विकास और सामान्य जन कल्याण संबंधी नीतियाँ बनाने और कार्यान्वित करने के लिए महत्वपूर्ण होते हैं ।

..................... जन कल्याण संबंधी नीतियाँ बनाने और कार्यान्वित करने के लिए महत्वपूर्ण होते हैं । 1

(क) जनसांख्यिकीय आँकड़े (ख) राज्य की नीतियाँ

(ग) आँकड़े (घ) आर्थिक विकास

अथवा

1 (II) भारत में जनगणना हर ................. वर्ष बाद होती है । 1

2 जाति व्यवस्था में विवाह संबंधी नियम .......... होते हैं । 1

3 (I) गुजरात में...........एक प्रबल जाति है । 1

अथवा

3 (II) जाति , जन्म से निर्धारित होती है । एक बच्चा अपने माता - पिता की जाति में ही ' जन्म लेता ' है । जाति कभी चुनाव का विषय नहीं होती ।

जाति हमें .................. प्राप्त होती हैं - 1

(क) इनाम में (ख) खैरात में
(ग) जन्म से (घ) चुनाव से

4 ग्रामीण समाज का मुख्य व्यवसाय ............ है । 1

5 मार्क्स ने उस स्थिति को ............. कहा है जिसमें लोग अपने कार्य से प्रसन्न नहीं होते हैं । 1

सही विकल्प चुनिए-

6 मैनेजर का मुख्य कार्य होता है कामगारों को नियंत्रित रखना और उनसे अधिक काम करवाना। 1

नियंत्रित रखने से यहाँ पर क्या अर्थ हैं -

(क) कामगारों को बाँध कर रखना (ख) कामगारों को दबा कर रखना
(ग) कामगारों को प्रबंधित कर रखना (घ) कामगारों को खुश रखना

7 'ESSAY ON POPULATION' नामक पुस्तक किसने लिखी थी- 1

(क) माल्थस (ख) दुखीर्म
(ग) वेबर (घ) स्पेंसर

8 कौन सी 'शिक्षा पद्धति' राष्ट्रवादी चेतना एवं उपनिवेश विरोधी चेतना का माध्यम बनी - 1

(क) पूर्वी (ख) पश्चिमी
(ग)उत्तरी (घ) दक्षिणी

9 नव वर्ष के रूप में ' उगाड़ी ' पर्व किस प्रदेश में मनाया जाता है - 1

(क) तमिलनाडु (ख) असम
(ग) पंजाब (घ) कर्नाटक

10 निम्न में कौन सी जाति आंध्र प्रदेश में प्रबल जाति मानी जाती है - 1

(क) रेड्डी (ख) भूमिहार
(ग) लिंगायत (घ) राजपूत

बताइए कि दिया गया कथन सही है या नहीं

11 सर्वप्रथम मजदूर संघ की स्थापना अप्रैल 1918 में हुई । 1

12 सामाजिक आंदोलन समाज में बदलाव लाने के लिए होते है । 1

कथन सही करें -

13 जाति एक भेदभावपूर्ण व्यवस्था नहीं है । 1

14 प्रसिद्ध बंबई टैक्सटाइल मिल की हड़ताल दत्ता इसवालकर की अगुवाई में हुई थीं । 1

15 सती प्रथा का विरोध रानाडे ने किया था। 1

16 भारत की अधिकांश आबादी शहर में रहती है । 1

# खंड ख

17 अधिकांश देशों में पराश्रितता अनुपात बढ़ने के कारण समस्याएँ क्यों उत्पन्न हो रही हैं ? 2

18 भारत में लिंगानुपात में गिरावट के कारण क्या हैं ? 2

19 जनजातियों के स्थायी लक्षण क्या हैं ? 2

20 आदिवासी संघर्ष से आप क्या समझते है ? 2

21 अस्पृश्यता से आप क्या समझते है ? 2

22 (I)' बेगार ' से आप क्या समझते है ? 2

अथवा

22 (II) किन्ही दो भूमि सुधार कार्यक्रमों के बारे में बताए ? 2

23 संगठित और असंगठित क्षेत्र में अंतर बताइए ? 2

24 (I) लोग काम कैसे पाते हैं ? 2

अथवा

24 (II)'समय की चाकरी' से क्या तात्पर्य है ? 2

25 (I) सामाजिक आंदोलन के कोई दो लक्षण बताएं ? 2

अथवा

25 (II) तिभागा आंदोलन क्या था ? 2

# खंड ग

26 (A) निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए तथा निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिये - 4

यह एक सामाजिक तथ्य है कि कोई भी देश या समूह अपने नागरिकों या सदस्यों को असत्य ,अन्याय अथवा असमानता के लिए संघर्ष करने को प्रोत्साहित नहीं करता अर्थात प्रत्येक देश या समूह हमेशा सत्य, न्याय ,समानता के लिए ही लड़ता है ...।

रिक्त स्थान भरों

(I) समूह अपने .............. के लिए संघर्ष करता है । 1

(a) परिवार

(b) अधिकारों

(c) पड़ोस

(d) निजी स्वार्थ

सही विकल्प चुनें -

(II) समूह लड़ता है, से क्या तात्पर्य है - 1

(a) समूह लड़ाई करता है

(b) समूह नुकसान पहुँचाता है

(c) समूह अपने अधिकारों को पाने के लिए संघर्ष करता है

(d) समूह का मकसद दूसरों का नुकसान करना होता है

(III) समूह क्या होता है- 1

(a) लोगों की भीड़

(b) लोगों का जमावड़ा

(c) लोगों का संगठन जिनके समान उदेश्य होते है

(d) लोगों के मनोरंजन का स्थान

(IV) जो समूह सोचता है - सही है , वह सभी के लिए सही है । बताइए ये कथन 1

(a) सही है

(b) गलत है

(c) कुछ के लिए सही है और कुछ के लिए गलत है

(d) सभी के लिए सही है

अथवा

26 (B) निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए तथा प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिये - 4

सामुदायिक पहचान, जन्म तथा अपनेपन पर आधारित होती है , न कि किसी अर्जित योग्यता या 'उपलब्धि' के आधार पर । यह 'हम क्या है' इस भाव की द्योतक है , न कि 'हम क्या बन गए हैं '। किसी समुदाय में जन्म लेने के लिए हमें कुछ नहीं करना होता ।

सही विकल्प चुनें -

(I) सामुदायिक पहचान से क्या अर्थ है- 1

(a) समुदाय के निवास की पहचान

(b) समुदाय के कार्यस्थल की पहचान

(c) समुदाय की साझी पहचान जिससे वो पहचाना जाता है

(d) समुदाय के विचारो की पहचान

(II) अर्जित योग्यता से क्या तात्पर्य है- 1

(a) वह योग्यता जो दुकान से खरीदी है

(b) वह योग्यता जिसके लिए मेहनत की हो

(c) वह योग्यता जो स्वयं ही हमें मिल गयी

(d) वह योग्यता जिसके लिए हमने इनाम दिया

(III) 'हम क्या है' से आप क्या समझ रहे है- 1

(a) साझी पहचान

(b) साझी रसोई

(c) साझी सोच

(d) साझी लड़ाई

रिक्त स्थान भरों

(IV) जो पहचान हमें जन्म से मिलती है , उसे ................ कहते है । 1

(a) अर्जित

(b) प्रदत्त

(c) असली

(d) नकली

27 (A) निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिये - 4

ब्रिटिश साम्राज्य की अर्थव्यवस्था में नगरों की भूमिका महत्वपूर्ण थी । समुद्र तटीय नगर जैसे बंबई, कलकत्ता और मद्रास उपयुक्त माने गए थे । क्योंकि इन जगहों से उपभोग की आवश्यक वस्तुओं का निर्यात आसानी से किया जा सकता था । साथ ही, यहीं से उत्पादित वस्तुओं का सस्ती लागत से आयात किया जा सकता था ।

(I) ब्रिटिश साम्राज्य की अर्थव्यवस्था में किसकी भूमिका महत्वपूर्ण थी । 1

(a) समुद्र की (b) उत्पादित वस्तुओं की

(c) निर्यात की (d) नगरों की

(II) समुद्र तटीय नगर जैसे बंबई, कलकत्ता और मद्रास उपयुक्त क्यों माने गए थे। 1

(a) ये रहने के लिए उचित थे

(b) यहाँ से आयात करना आसान था

(c) यहाँ से निर्यात करना आसान था

(d) यहाँ से आयात और निर्यात करना दोनों आसान था

(III) ब्रिटिश साम्राज्य का मुख्य उदेश्य था - 1

(a) अधिक से अधिक लाभ कमाना

(b) अधिक से अधिक लोगों को काम देना

(c) अधिक से अधिक आयात करना

(d) अधिक से अधिक निर्यात करना

(IV) आयात का अर्थ क्या है 1

(a) माल बाहर से मँगाना

(b) माल बाहर भेजना

(c) माल सस्ता देना

(d) माल महंगा देना

अथवा

27 (B) निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए तथा निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिये - 4

औपनिवेशिक सरकार गलत तरीकों से मजदूरों की भर्ती करती थी और उनसे बलपूर्वक काम लिया जाता था । ब्रिटिश व्यवसायियों के लिए सरकारी बल का प्रयोग कर बागानों में मजदूरों से सस्ते में काम कराया जाता था । कथा साहित्य एवं अन्य स्त्रोतों से बागान में काम करने वालों के जीवन से संबन्धित जानकारी प्राप्त होती है ।

रिक्त स्थान भरो

(I) औपनिवेशिक सरकार ....................से मजदूरों की भर्ती करती थी । 1

(II) बागानों में काम करने वाले मजदूरों से .............. में काम कराया जाता था । 1

बताइए दिया गया कथन सही है या गलत

(III) बागानों में काम करने वाले मजदूरों का शोषण होता था। 1

(IV) बागानों में काम करने वाले मजदूरों के रहने का शानदार इंतजाम होता था। 1

28 (A) जनसँख्या की 'आयु संरचना' का क्या अर्थ है? आर्थिक विकास और संवृद्धि के लिए इसकी क्या प्रासंगिकता है ? 4

अथवा

(B) जनांकिकी से आप क्या समझते हैं? जनांकिकी कितने प्रकार की है ? विस्तार से बताये । 4

29 निम्न का अर्थ बताइए- 4

1. पूर्वाग्रह 1
2. रूढ़धारणाएं 1
3. भेदभाव 1
4. अनादर 1

30 जाति और धर्मनिरपेक्षीकरण पर अपने विचार लिखें । 4

31 स्वतन्त्रता के बाद सरकार द्वारा लागू किए गए प्रमुख भूमि सुधार कानून क्या थे? स्पष्ट कीजिये । 4

32 उदारीकरण ने रोजगार के प्रतिमानों को किस प्रकार प्रभावित किया है ? 4

# खंड घ

33 (A) जाति से आप क्या समझते हैं ? जाति और वर्ण में क्या अंतर हैं ? 6

अथवा

33 (B) परिवार से आप क्या समझते है? परिवार के विभिन्न प्रकारों के बारे में बताए? 6

34 '19वीं तथा 20वीं शताब्दी में महिलाओं के उत्थान के लिए चलाया जाने वाला आंदोलन पुरुष समाज सुधारकों द्वारा प्रारम्भ किया गया था ' उपयुक्त उदाहरण के साथ चर्चा कीजिये । 6

35 निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिये - 6

1970 के दशक के मध्य में भारत में महिला आंदोलन का नवीनीकरण हुआ । कुछ लोग इसे भारतीय महिला आंदोलन का दूसरा दौर कहते हैं । जबकि बहुत सी चिंताएँ उसी प्रकार बनीं रहीं , फिर भी संगठनात्मक रणनीति तथा विचारधाराओं दोनों में परिवर्तन हुआ । स्वायत्त महिला आंदोलन कहे जाने वाले आंदोलनों में वृद्धि हुई । 'स्वायत्त ' शब्द इस तथ्य की ओर संकेत था कि उन महिला संगठनों से जिनके राजनीतिक दलों से संबंध थे , से भिन्न यह ' स्वायत्तशासी ' अथवा राजनीतिक दलों से स्वतंत्र थीं । यह अनुभव किया गया कि राजनीतिक दल महिलाओं के मुद्दों को अलग - थलग रखने की प्रवृति रखते हैं ।

(1) महिला आंदोलन से आप क्या समझते है ? भारत में महिला आंदोलन का नवीनीकरण कब हुआ? 2

(2) राजनीतिक दल महिलाओं के मुद्दों को लेकर कैसी प्रवृति रखते थे ? विस्तार से बताये । 4